# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## सीजफायर के बाद भारतीय एयरस्पेस पर अब फ्लाइट्स को उड़ने की मिली इजाजत, 32 बंद एयरपोर्ट्स भी खोले गए।

Publisher
Published on 12 May 2025



### भारतीय एयरस्पेस को अब सभी प्रकार की उड़ानों के लिए पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है. इसी के साथ बंद कराए गए 32 एयरपोर्ट्स भी खोलने के आदेश दे दिए गए है.

भारतीय एयरस्पेस को अब इंडियन एयरफोर्स के निर्देशों के तहत पूरी तरह से खोल दिया गया है. इसके अलावा, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान जो 32 एयरपोट्र्स बंद करा दिए गए हैं, उन्हें भी अब खोलने का आदेश दे दिया गया है. एयरपोट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) ने कहा, यात्रियों के ध्यानार्थ; 15 मई 2025 के 05:29 बजे तक नागरिक विमान परिचालन के लिए 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने का नोटिस जारी किया गया था. यह सूचित किया जाता है कि ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए खोल दिए गए हैं.

इस दौरान यात्रियों को नियमित अपडेट के लिए एयरलाइनों की वेबसाइट्स पर नजर रखने और एयरलाइंस से डायरेक्ट संपर्क कर फ्लाइट का स्टेटस जानने की सलाह दी गई. इसके चलते न केवल एयर ट्रैफिक को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों एयरलाइंस को भी फायदा होगा.

भारतीय सेना ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया और इसी के साथ पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लिया, जिसमें 26 बेगुनाह लोगों की मौत हो गई थी. इनमें से ज्यादातर सैलानी थे. भारतीय सेना की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भी ड्रोन व मिसाइलों से LoC और सीमा पार भी हमले किए. इसे देखते हुए एहतियात के

तौर पर प्रतिबंध शनिवार सुबह तक लागू रहने थे, लेकिन बाद में तनाव बढ़ने की स्थिति में इसे 15 मई को सुबह 05:29 बजे तक बढ़ा दिया गया.

खोल दिए गए एयरपोर्ट्स की लिस्ट

अधमपुर,अम्बाला,अमृतसर,अवंतीपुर,बठिंडा,भुज,बीकानेर,चंडीगढ़,हलवारा,हिंडन,जैसलमेर,जम्मू,जामनगर,जोधपुर,कांडला,कांगड़ा,(गग्गल),केशोद,किशनगढ़,कुल्लू मनाली (भुंतर),लेह,लुधियाना,मुंद्रा,नलिया,पठानकोट,पटियाला,पोरबंदर,राजकोट (हीरासर),सरसावा,शिमला,श्रीनगर,थोइस,उत्तरलाई.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.